तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सीआईपीईटी के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों ...



12 41,750 करोड़ के ए आई डेटा सेंटर पर कांग्रेस ...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम झीट में अवैध रूप से शराब बेचने की खबर मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दिया। जहां से बसंत कुमार सिन्हा को पकड़ा गया जो झीट गांव का रहने वाला है। उसके पास से 30 पौवा देशी शराब कुल 5.400 बल्क लीटर, तीन हजार रुपए का बरमाद किया है। आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन बिक्री की जानकारी तुरंत पुलिस थाना को दी गई।

नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार

भिलाई। नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्ग स्थित रवि शंकर स्टेडियम के सामने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया। ग्रे रंग की कार सीजी 07 एएम 6045 में नशीली टेबलेट रखकर बेचने की फिराक में दो युवक खड़े थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मुक्त नगर एमआई 635, पदमनाभपुर निवासी दीपांकर दास वैष्णव, कसारीडीह, गौरा-गौरी चौक मुकेश राजपुत बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने 160 नग नशीली दवा अल्प्राजोलम टेबलेट, कार तीन मोबाइल, नगदी रकम 790 रुपये जब्त किया गया। उक्त सामानों की कीमत 4.4लाख 790 रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपियों ने नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट को अपने कब्जे में रखकर रवि शंकर स्टेडियम के सामने कार में बैठकर ग्राहकों की खोज कर रहे थे।

पूर्व गृहमंत्री के गृहग्राम पतोरा में पानी को तरसे ग्रामीण, नल-जल योजना लंबे समय से ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के गृहग्राम पतोरा में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव की नल-जल योजना लंबे समय से बंद पड़ी है, वहीं ग्रामीणों के लिए पानी का प्रमुख सहारा 5-6 हैंडपंप भी महीनों से खराब हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के ठप होने के बाद हैंडपंप ही पेयजल का प्रमुख साधन हैं, लेकिन इनके खराब होने के बावजूद समय पर मरम्मत नहीं कराई जा रही है। गर्मी के दिनों में समस्या और गंभीर होने की आशंका के बीच लंबे समय से व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पंचायतों में पेयजल और बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव के लिए 15वें वित्त आयोग समेत विभिन्न मदों से राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बावजूद हैंडपंपों की मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीण पंचायत स्तर पर उपलब्ध बजट और उसके उपयोग को लेकर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते खराब हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाती तो उन्हें पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। जनसेवक रविंद्र भास्कर चौबे ने गांव की पेयजल व्यवस्था को लेकर पंचायत और प्रशासन पर निशाना साधा।

मरम्मत के लिए बजट के बावजूद व्यवस्था पर सवाल



ग्रामीण पानी के लिए परेशान

उन्होंने कहा कि अधिकारी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि दफ्तरों में बैठकर व्यवस्था बेहतर होने के दावे करते हैं, लेकिन पतोरा में ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। उन्होंने खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराने और बंद पड़ी नल-जल योजना को शीघ्र शुरू कराने की मांग की। मामले में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए जनपद पंचायत बेरला की सीईओ दिव्या ठाकुर तथा जिला पंचायत बेमेतरा की सीईओ प्रेमलता पट्टाकर से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।



नगर पालिका का अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज, अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई की निगरानी की

मां भद्रकाली तालाब से अतिक्रमण हटाया, कोबीया में अब दुकानों और मकानों पर कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में सार्वजनिक भूमि, तालाब और धार्मिक स्थलों के आसपास किए गए अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पालिका के अमले ने माँ भद्रकाली तालाब क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाया।

कार्रवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्रवाई की निगरानी की। नगर पालिका की इस कार्रवाई के बाद अब कोबीया क्षेत्र में भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे बढ़ने के संकेत हैं। नगर पालिका की टीम ने शहर के बाजार पारा स्थित माँ भद्रकाली तालाब के आसपास सार्वजनिक स्थल पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर क्षेत्र को व्यवस्थित करने की कार्रवाई ▶▶| शेष पेज 11 पर



तालाब और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने पर जोर : सिन्हा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि शहर की सड़क, तालाब, सार्वजनिक स्थल और शासकीय भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों की आवाजाही और सुविधाएं प्रभावित होती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में पहले जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की कार्रवाई का उद्देश्य किसी व्यक्ति को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर को व्यवस्थित रखना और सार्वजनिक संपत्ति का संरक्षण करना है। जहां भी सार्वजनिक भूमि पर नियम विरुद्ध कब्जे की शिकायत या जानकारी मिलेगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज के सामने की दुकानों पर भी होगी कार्रवाई

कोबीया क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका ने अब अगला कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। कोबीया कॉलेज के सामने सड़क और सार्वजनिक क्षेत्र में संचालित दुकानों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि नियम विरुद्ध संचालित दुकानों को नियमानुसार हटाया जाएगा। कॉलेज के सामने सड़क किनारे दुकानों के कारण विद्यार्थियों और राहगीरों की आवाजाही प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। ऐसे में नगर पालिका अब संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी।

लोकतंत्र बचाओ आंदोलन की तैयारियों पर कांग्रेस की बैठक



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी 8 अक्टूबर को जिला स्तरीय लोकतंत्र बचाओ आंदोलन करेगी। आंदोलन की

- कल पुराना कांग्रेस भवन से गांधी चौक तक निकलेगा पैदल मार्च, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें पैदल मार्च की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, अनुशासन और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कांग्रेस के अनुसार, 8 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे पुराना कांग्रेस भवन से पैदल मार्च शुरू होगा। मार्च गांधी चौक स्थित राम मंदिर प्रांगण पहुंचेगा, जहां निर्धारित कार्यक्रम के तहत विरोध-प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा। जिला कांग्रेस ने संगठन के सभी स्तरों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े विषयों को लेकर पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाएगी। आंदोलन में जिला कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों और विभागों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद व पूर्व पार्षद, मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर के पदाधिकारियों से भी कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

ये रहे मौजूद

बैठक में मंगत साहू, रश्मि मिश्रा, मिथलेश वर्मा, सुमन गोस्वामी, मनोज शर्मा, शकुन्तला साहू, रीता पाण्डेय, जनता साहू, योगिता साहू, राजू साहू, टोकेश्वर साहू, प्रकाश ठाकुर, मिनटा नामदेव, राम ठाकुर, चंद्र प्रकाश शीतलानी, सीताराम यदु, बलवंत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लक्ष्य तय कर मेहनत करें युवा, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : तोमर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय टाउन हॉल में युवा कल्याण विभाग द्वारा 'युवा उड़ान कार्यक्रम 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव रखने वाले वरिष्ठ व्यक्तियों ने युवाओं से सीधा संवाद कर उन्हें लक्ष्य, मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

- 'युवा उड़ान कार्यक्रम' में प्रतिभावान युवाओं का सम्मान, वक्ताओं ने कहा- युवा ही तय करेंगे बेमेतरा के विकास की दिशा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर रहे। अध्यक्षता विधायक दीपेश साहू ने की। साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं और नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विश्व विजय सिंह तोमर ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के संदेश "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो" से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों का बहाना बनाने वाला व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं हो सकता। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जो व्यक्ति परिस्थितियों को चुनौती मानकर मेहनत करता है, वही सफलता के शिखर तक पहुंचता है। युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम के लिए तैयार रहना चाहिए। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि टाउन हॉल में युवाओं की बड़ी उपस्थिति बेमेतरा की शक्ति और भविष्य की तस्वीर है। जिले के विकास और उसकी दिशा तय करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। मेहनत, अनुशासन और स्वयं पर विश्वास सफलता की कुंजी है। साजा विधायक ▶▶| शेष पेज 11 पर

सेवा सहकारी समिति में 57 लाख के गबन का मामला, फरार लिपिक गिरफ्तार

बेमेतरा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता में शासकीय राशि और कृषकों के साथ धोखाधड़ी कर करीब 57.01 लाख रुपए के गबन के मामले में नवागढ़ पुलिस ने फरार आरोपी लिपिक अमित साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब दो माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे 5 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मुरता निवासी 66 वर्षीय खोरबहरा साहू ने 16 जून थाना नवागढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता के प्रभारी समिति प्रबंधक राजेन्द्र पांडेय और लिपिक अमित साहू ने आपसी मिलीभगत कर संस्था के साथ धोखाधड़ी और छल-कपट किया। साथ ही कृषकों की अमानत में खयानत करते हुए 57,01,454.40 रुपए की शासकीय संपत्ति का गबन किया गया। शिकायत की जांच के बाद नवागढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 406, 467, 468, 471, 409 एवं 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव ▶▶| शेष पेज 11 पर



- प्रभारी समिति प्रबंधक की गिरफ्तारी के बाद करीब दो माह से फरार अमित साहू को नवागढ़ पुलिस ने पकड़ा

पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश से धान फसल को हुआ है बडा फायदा

पशुओं से फसल बचाने किसान कर रहे रात-दिन खेतों की रखवाली

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/ थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र में पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश से खरीफ फसल धान को बड़ा फायदा हुआ है, परंतु घुमंतू पशुओं से किसान हलाकान हैं। मौका देखकर फसल चट करने वाले पशुओं से फसल बचाने अब किसान रात-दिन रखवाली करने विवश हैं।

ग्राम उमरावनगर में एक रखवाल रखने एक राशन कार्ड पीछे एक पैली चावल वसूली किया गया है, जबकि प्रत्येक किसान बारी-बारी अलग-अलग पालियों में रात-दिन चारों तरफ मचान बनाकर फसल बचाने में जुटे हुए हैं। लगातार गांवों से घुमंतू पशुओं के बारे में प्रशासन को शिकायतें मिलती रही, परंतु प्रशासन की ओर से कुछ पहल नहीं होने के बाद अब किसान खुद अपनी फसल बचाने उक्त तरीका अपनाया है, यह स्थिति सभी ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही है।पिछले सप्ताह खाड़ी में बने चक्रवात के असर से हुई 36 घंटे की बारिश ने धान की फसल को नई जान दे दी। जो धान पानी के अभाव में पीला पड़ने लगा था, वह अब लहलहा रहा है। खेतों में 4 से 6 इंच पानी भर गया है, जो धान के लिए अमृत समान है। अब धानो मे बालियां निकलने लगी हैं। इस बार उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।लेकिन इसी के साथ एक नई समस्या खड़ी हो गई है। धान में दूध भरने के साथ ही घुमंतू मवेशियों का खतरा बढ़ गया है।कीट प्रकोप मे अधिक खर्च उठा चुके किसान अब फसल बचाने कोई चूक नही करना चाहते।तहसील क्षेत्र के लगभग सभी गांवों उमरावनगर, गातापार, कोपेडबरी, कुरदा, बनरांका, टिपनी, दर्री,गुवारा, तोरन, हाडाहुली,जेवरा मटिया, गोपालपुर व खाती जैसे गांवो में सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशी घूम रहे हैं। ये मवेशी दिन में तो गांव के आसपास रहते हैं, लेकिन शाम होते ही झुंड बनाकर खेतों में घुस जाते हैं और पूरी फसल चट कर जाते हैं।किसान दिनभर खेत में काम करते हैं और रातभर जागकर रखवाली करते हैं। इससे उनकी सेहत और दिनचर्या दोनों प्रभावित हो रही है।



किसानों ने जिला प्रशासन से रखी मांग

किसान दिल्ली वर्मा,रामचंद्र चंद्राकर,रामनाथ साहू,चुन्नू साहू,कपील चंद्राकर,रोहित साहू जैसे अनेक किसाने ने निम्न मांग रखी है कि सभी ग्राम पंचायतों में गौशाला को व्यवस्थित किया जाए,आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखा जाए,पशुओं को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माना लगाया जाए, फसल नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। किसानो अब प्रशासन के भरोसे ना रहकर इसी तरह रात-दिन जागकर अपनी फसल की रखवाली करने मजबूर है।

उमरावनगर में अनोखी पहल - एक राशन कार्ड पर एक पैली चावल

घुमंतू पशुओं से निजात पाने के लिए ग्राम उमरावनगर के किसानों ने अनोखी पहल की है। गांव में बैठक कर तय किया गया कि प्रत्येक राशन कार्ड के पीछे एक पैली (लगभग 2 किलो) चावल वसूली की जाएगी। इस चावल को बेचकर 10 हजार प्रतिमाह के हिसाब से एक स्थायी रखवाल रखा गया है, जो दिन-रात गांव की सीमाओ व भीतरी हिस्सो पर घूम घूमकर मवेशियों को खेतों में ▶▶| शेष पेज 11 पर

कांग्रेस ने तेज की आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारी, इधर भाजपा के नेता भी मोर्चे पर, मंत्री ने ली बैठक

मंत्री केदार कश्यप ने नक्सलवाद पर कांग्रेस को घेरा, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



परिवहन मंत्री केदार कश्यप सोमवार की दुर्ग में थे। स्थानीय सर्किट हाउस में उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित और राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया है। नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर को अपने राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत और जनकल्याण की दिशा में किए गए कार्यों एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों तथा समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाई जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, बच्चों के पोषण और देश की सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने प्रभावी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश नीति से विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत के आगामी बस्तर दौरे से जुड़े सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की धरती पर उनका स्वागत है, लेकिन वे पहले बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को साधुवाद देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा किए गए नरसंहार किसी से छिपे नहीं हैं। नक्सलियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या की और उनके शवों के साथ भी दुर्व्यवहार किया। श्री कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता नक्सली नेता हिड़मा का गुणगान कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत से सवाल किया कि क्या वे नक्सलियों का गुणगान करने वाले कांग्रेस नेताओं को पार्टी से निष्कासित करेंगे? उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करने के बाद ही कांग्रेस प्रभारी को बस्तर की पावन धरती पर कदम रखना चाहिए। राज्य में परिवहन व्यवस्था को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन विभाग को बंद कर दिया गया था। प्रदेश में परिवहन सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा सिटी बस सेवा शुरू की गई है। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, निगम सभापति श्याम शर्मा, विनोद अरोरा, अशोक राठी सहित अन्य मौजूद थे।

भूपेश बघेल ने कहा- सिंगल नाम तय करो, ताकि पार्टी को चयन में हो आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



आगामी दिसम्बर माह में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां तेज हो गई है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में जनसंपर्क का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस में जामुल और भिलाई-चरोदा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठकें ली। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक उम्मीदवार का नाम फाइनल करें, ताकि पार्टी को भी नाम के चयन में परेशानी न हो। वे सीधे लक्ष्मी पैलेस उमदा भिलाई-3 पहुंचे, जहां उन्होंने भिलाई-3 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण व विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

जामुल एवं भिलाई क्षेत्र आगमन पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर उनका स्वागत किया। जामुल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भूपेश बघेल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के अंतिम फैसले को सभी कार्यकर्ताओं को एकमत होकर स्वीकार करना होगा और आधिकारिक प्रत्याशी को जिताने के लिए जी-जान से जुटना होगा। लक्ष्मी पैलेस में आयोजित समीक्षा बैठक में चुनाव प्रभारी विकास उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेन्द्र साहू, महापौर निर्मल कोसरे, वरिष्ठ नेता कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल सहित स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रकार की गुटबाजी या सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों को ब्लॉक स्तर से तत्काल नोटिस जारी कर निष्कासन की कार्रवाई की जाएगी। राकेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की बेतहाशा महंगाई, रुकी हुई विकास योजनाओं और विफलता से जनता परेशान है और बदलाव के मूड में है। भिलाई-3 चरोदा और जामुल सहित पूरे निकाय क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपनी जनकल्याणकारी सोच और अभेद्य संगठनात्मक एकजुटता के बल पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। रिसाली में भी भूपेश बघेल ने बैठक ली। इस अवसर पर श्रीकांत वर्मा, मनोज मढ़रिया, दुलारी वर्मा, कुमुद मढ़रिया, कमलेश साहु, करीम खान, विजय जैन, प्रमोद चंद्रकार, वेंकट रमन्ना, डे साहब, अभिषेक वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सुनीता चन्नैवार, सरोजनी चद्राकर, रामप्यारी वर्मा, सुमन वर्मा, सबीहा खान, ओमकार निर्मलकर, मन्नु यादव, गज्जु साहु, प्रमिला साहु, इस्माईल आजाद, अशोक वर्मा, सीता ठाकुर, किसुन साहु, प्रवीण देवागन, दीपक साहु, राहुल साहु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

आकाशवाणी से कंचन की कहानी का प्रसारण आज



भिलाई। भिलाई की साहित्यकार कंचन नागवंशी की छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से महिलाओं के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रम घर आंगन में 6 अक्टूबर दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। कहानी का प्रसारण 981 किलोहर्ट्ज पर आकाशवाणी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के सभी केंद्रों और मोबाइल एप के माध्यम से सुना जा सकेगा। कंचन नागवंशी छत्तीसगढ़ी और हिंदी दोनों भाषाओं में निरंतर लेखन कर रही हैं। वे कहानी, कविता और समसामयिक विषयों पर आलेख एवं लेख लिखती हैं। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़ की लोकभाषा, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिलती है। कंचन नागवंशी, एफएसएनएल के पूर्व राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी की सुपुत्री हैं।

मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। प्राकृतिक आपदा एवं दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झझरा नगर नयापारा दुर्ग निवासी पूर्णिमा बाई कौशल की 19 अगस्त 2025 को खेत में आकाशीय बिजली गिरने से, ढांचा भवन, कुरूद भिलाई निवासी मोहम्मद साहिल अंसारी की 2 जून 2025 को मरोदा डेम नेवई में नहाते समय डूबने से तथा कातरो थाना उतई निवासी चन्द्रकला साहू की 19 अगस्त 2025 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हुई थी।

उमदा चौक से जरवाय मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, नालियों में उगी झाड़ियां

जरवाय बदहाल, तीन कर्मचारियों के भरोसे करीब 6 हजार आबादी की सफाई व्यवस्था

वार्ड 4 परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 4 जरवाय में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। वार्डवासियों के मुताबिक सड़क, सफाई और सुरक्षा से जुड़ी परेशानियां लंबे समय से बनी हुई हैं। उमदा चौक से जरवाय की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। बरसात के दौरान इनमें पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के गड्ढे लंबे समय से बने हुए हैं, लेकिन अब तक इनका स्थायी संधारण नहीं हो पाया है। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी संभलकर गुजरना पड़ता है। जरवाय में सफाई व्यवस्था को लेकर भी वार्डवासियों में नाराजगी है। करीब 6 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में सफाई के लिए मात्र तीन कर्मचारी हैं। कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश के कारण कई दिनों में सफाई व्यवस्था और प्रभावित हो जाती है। नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण उनमें जंगल-झाड़ियां उग आई हैं। कई जगह नालियों में गंदगी जमा होने से पानी की निकासी भी प्रभावित होने की बात स्थानीय लोगों ने कही। लोगों की मांग है कि वार्ड की आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

तालाब में मिल रहा गंदा पानी, वाहन चोरी से भी दहशत



शो पीस बना हैंडपंप।





तालाब के आसपास अवैध निर्माण



वार्ड के तालाब की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। तालाब के किनारों पर झाड़ियां उग आई हैं और आसपास सफाई का अभाव है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी तालाब में पहुंच रहा है। तालाब के आसपास कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध निर्माण किए जाने की बात भी वार्डवासियों ने कही। लोगों का कहना है कि तालाब की सफाई के साथ-साथ उसके आसपास की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की जरूरत है।

एक साल में तीन वाहन चोरी होने का दावा



जरवाय के लोगों ने वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उमाराम बंजारे, सूरज कुमार डहरिया, धनुषलाल बांधे, निलेश कुमार मधुकर के अनुसार पिछले एक साल में करीब तीन वाहन चोरी की घटनाएं हुई हैं। लोगों ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है, ताकि रात के समय असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वार्ड परिक्रमा के दौरान लोगों ने सड़क के गड्ढों का स्थायी संधारण, नालियों की नियमित सफाई, तालाब की सफाई और अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की मांग की। इसके साथ ही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग भी सामने आई।

पार्षद ने गिनाए विकास कार्य

वहीं पार्षद भूपेन्द्र वर्मा ने वार्ड में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शीतला तालाब में 45 लाख रुपए की लागत से रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा 20 लाख रुपए से पचरीकरण का कार्य कराया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में ठाकुर भवन, निषाद भवन और देवांगन भवन का निर्माण कराया गया है। साथ ही शीतला मंदिर का सौंदर्यीकरण और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी कराया गया है। सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 60 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया गया है। पार्षद के अनुसार, उमदा चौक से जरवाय पुलिया तक सड़क संधारण के लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। पितृ पक्ष की समाप्ति के बाद सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

अनुदान प्राप्त कॉलेजों के रिटायर्ड प्रोफेसरों की पेंशन बंद



सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कहा गया कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश दिनांक 12 अक्टूबर 2010 के अनुसार अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन दी जा रही थी, जिसे उच्च शिक्षा विभाग ने अपने आदेश दिनांक 01 सितंबर 2026 एवं 9 सितंबर 2026 से निरस्त कर दिया है। जिसके कारण जुलाई-अगस्त 2026 की पेंशन भी नहीं मिली है।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सरकार के इस दमनकारी आदेश से बुजुर्ग प्राध्यापकों व कर्मचारियों की दवा-रोटी छिन गई है। मंत्री-परिषद् ने 2010 के आदेश को निरस्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया था, फिर भी विभाग ने मनमाने तरीके से पेंशन बंद कर दी, जो लोकहित के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि उक्त दोनों आदेशों को तत्काल रद्द कर पूर्ववत पेंशन/ग्रेच्युटी बहाल की जाए और रोकी गई पेंशन का तुरंत भुगतान किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, ब्लॉक प्रभारी संजय बत्रा, परमजीत सिंह भुई, पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, राजकुमार वर्मा मंडल अध्यक्ष, दुर्ग इंटक के अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर, जिला महामंत्री राहुल शर्मा, शत्रुघ्न चक्रधारी, भूपेंद्र सेन, अब्दुल वहिद चौहान, गणेश सोनी, ईश्वर साहू, अली असगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य के मेधावी एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। स योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईआईटी, आईआईआईटी आदि में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को तात्कालिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

भजन से अंतःकरण में होता है ज्ञान का प्रकाश : स्वामी रामललाचार्य



भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई में प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिवस श्री मानसपीठ खजुरीताल मैहर से पधारे मानसपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, अध्यात्म और निरहंकारिता का संदेश दिया।

कथा के तीसरे दिवस महाराज ने कहा कि भजन ऐसा मार्ग है, जिसके माध्यम से मनुष्य के अंतःकरण में ज्ञान का प्रकाश प्रकट होता है। भगवान के नाम का जप करने के लिए किसी विशेष दिशा या परिस्थिति की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर भगवान के नाम का स्मरण करते हुए अध्यात्म की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य भक्ति और अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़ता है तो आने वाले समय में उसे आत्मतत्व का ज्ञान प्राप्त होता है। भगवान का नाम मनुष्य के भीतर की अज्ञानता को दूर कर उसे सत्य के प्रकाश की ओर ले जाता है। पूज्य महाराज ने अहंकार से बचने का संदेश देते हुए कहा कि अहंकार जब जीवन में प्रवेश कर जाता है, तब मनुष्य के पतन का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। इसलिए सदैव निरहंकारी बनकर रहना चाहिए। विनम्रता, भक्ति और भगवान के प्रति समर्पण ही मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने वाले गुण हैं। महाराज की अमृतमयी वाणी से कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर भक्ति एवं अध्यात्म का संदेश प्राप्त किया। कथा के पश्चात समस्त श्रद्धालुओं के लिए आयोजक मंडल द्वारा नित्य भंडारे एवं महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। कथा श्रवण के उपरांत भक्तों ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सर्वदलीय पैदल मार्च आज, सपा भी प्रदर्शन में होगी शामिल



दुर्ग। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा 6 अक्टूबर को आयोजित किये जा रहे पैदल मार्च में शहर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष में भारी नाराजगी है और इसी के विरोध में सर्वदल के बैनर तले यह पैदल मार्च निकाला जा रहा है।शेख रज्जाक ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम नहीं कर रहा है। समाजवादी पार्टी इस मार्च का पूर्ण समर्थन करती है और पार्टी के सभी नेतागण इसमें सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

लोगों ने किया रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर में हुए लाभांवित



भिलाई। एचएमजीएम मोदी ग्रुप द्वारा लोकश पाण्डेय के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड 18, राम नगर स्थित शिव मंदिर, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी भिलाई में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वार्ड 18 और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान नागरिकों ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया, वहीं उपस्थित लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच की सुविधा का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना रहा। शिविर के माध्यम से लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दीपक भोड़कर, भोजराज सिन्हा, प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, मोहन राव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में राजेश प्रसाद, विनय टंडन, अक्षय सिंह, सुमित शर्मा, प्रवीण सिंह, अनूप पाण्डेय, आमिर, अंकित मिश्रा, मुकेश जोशी, समीर वर्मा, रौशन मराठा, राहुल मांडवी, गौरव पाण्डेय, हर्ष पाण्डेय, शेखर मिश्रा, नितेश त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय, लक्की सोनी एवं शेखर यादव सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देश पर लोक सेवा गारंटी में किया गया शामिल

शैक्षणिक दस्तावेज के लिए पालकों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी।

■ तय समय-सीमा में होंगे विद्यार्थियों के काम



मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज उपलब्ध होना जरूरी है। ऐसे में विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी पढ़ाई और अपने भविष्य पर ध्यान दें, उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने में अपना समय और ऊर्जा खर्च न करनी पड़े। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से सेवाओं को समय-सीमा से जोड़ने का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों को उनके जरूरी कार्यों के लिए स्पष्ट व्यवस्था मिले और अनावश्यक विलंब की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि विद्यार्थियों को स्कूल से लेकर परीक्षा और उच्च शिक्षा तक हर स्तर पर सुविधाजनक एवं पारदर्शी व्यवस्था मिले। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित सेवाओं को समयबद्ध किए जाने से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ काम किया जाए और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी विद्यार्थी को केवल दस्तावेज प्राप्त करने या परीक्षा संबंधी प्रक्रिया के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

60 दिन की समय सीमा निर्धारित

नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय-सीमा निर्धारित है। वहीं उत्तर पुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय-सीमा रखी गई है।

खबर संक्षेप



जामुल में राज झेरिया धोबी समाज का चुनाव 1 को

दुर्ग। राज झेरिया धोबी समाज का बैठक संस्कृति भवन रावण भाटा जामुल में आयोजित की गई। इसमें जामुल नगर का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। 1 नवंबर को जामुल नगर का चुनाव होना तय किया गया। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें समाज को एकता के सूत्र में बांधा जाए। इसी प्रकार जिला का बैलाज नियमावली बनने पर चर्चा की गई, जिसे सर्वसम्मति से सभी प्रक्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा निर्णय लेकर धमधा राज पाटन राज दुर्ग राज सहित सभी पदाधिकारी के द्वारा निर्णय किया जाएगा। 1 नवंबर को अंतिम निर्णय या बायलाज का प्रकाशन किया जाना तय किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, आगराहीत निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, भागीरथी निर्मलकर, दीनानाथ निर्मलकर, योगेश्वर निर्मलकर, प्रेमलाल निर्मलकर सहित आदि मौजूद थे।

विशाल रक्तदान शिविर 18 अक्टूबर को

पाटन। नवहिंद दुर्गोत्सव समिति द्वारा आगामी 18 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पाटन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति ने एक बूंद खून किसी की जिंदगी बचा सकती है के संदेश के साथ क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। पंजीयन हेतु वासु देवांगन एवं गोपीचंद देवांगन से संपर्क किया जा सकता है।

शिक्षा में नवाचार और नेतृत्व के लिए सृष्टि झा को एमर्जिंग एजुकेटर अवॉर्ड

भिलाई। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स की एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा को प्रतिष्ठित टीचिंग एक्सीलेंस ऑनर–एमर्जिंग एजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्लूम की ओर से रायपुर में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदों और गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। सृष्टि झा को यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा विद्यार्थियों के बेहतर विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए दिया गया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स में एकेडमिक डायरेक्टर के रूप में सृष्टि झा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रही हैं।

छिड़काव के बाद भी राहत नहीं; बदलते मौसम ने बढ़ाई चिंता

धान की फसल पर कीट-रोग का प्रकोप पत्तियां सूख रहीं, बालियां पड़ रहीं सफेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ क्षेत्र में महामाया सरना धान की फसल पर कीट एवं रोग का प्रकोप किसानों के लिए चिंता का कारण बनता जा रहा है। खेतों में धान की पत्तियों पर भूरे धब्बे और सूखने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, वहीं कुछ स्थानों पर बालियां भी प्रभावित होकर सफेद पड़ती नजर आ रही हैं। फसल बचाने किसान लगातार कीटनाशक और रोगनाशक दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन अपेक्षित राहत नहीं मिलने से खेती की लागत बढ़ती जा रही है।

- एक एकड़ में 1000-1200 तक दवा पर खर्च

किसानों के अनुसार खेतों में ब्लास्ट, चूसक और चितरी जैसे कीट-रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। धान इस समय बाली निकलने और दाना भरने के महत्वपूर्ण चरण में है। ऐसे में फसल प्रभावित होने से उत्पादन को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

हालांकि अलग-अलग रोगों के लक्षण कई बार एक जैसे दिखाई दे सकते हैं, इसलिए वास्तविक कारण की पुष्टि कृषि विशेषज्ञ के खेत निरीक्षण के बाद ही संभव होगी। पत्तियों पर भूरे धब्बे पड़ने के बाद कई पत्तियां सूख रही हैं। कुछ जगह बालियां भी प्रभावित नजर आ रही हैं। समय रहते बीमारी पर नियंत्रण नहीं हुआ तो दाना भरने और उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है।





महंगी दवाओं से बढ़ी खेती की लागत

किसान चन्द्रपाल साहू ने बताया कि फसल बचाने के लिए किसान लगातार दवाएं खरीदकर छिड़काव कर रहे हैं। एक एकड़ में करीब 1000 से 1200 रुपए तक दवा पर खर्च हो रहा है। इसके बावजूद अपेक्षित असर नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। बार-बार दवा खरीदने से खेती की लागत बढ़ रही है और किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है।

बदलते मौसम ने बढ़ाई परेशानी

किसान कृष्णा यादव ने बताया कि क्षेत्र में मौसम लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप, कभी उमस और नमी तथा तापमान में उतार-चढ़ाव का असर फसल पर दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार मौसम की इस स्थिति में कीट एवं रोग का प्रकोप बढ़ने की आशंका रहती है। ऐसे समय में खेतों की नियमित निगरानी और समय पर उचित प्रबंधन जरूरी है।

पहले बीमारी की पहचान, फिर करें दवा का इस्तेमाल

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की पत्तियों पर भूरे धब्बे और सूखने जैसे लक्षण कई अलग-अलग रोगों में दिखाई दे सकते हैं। वहीं बालियों पर असर के पीछे रोग के साथ-साथ कुछ कीटों का प्रकोप भी कारण हो सकता है। इसलिए सिर्फ लक्षण देखकर बार-बार अलग-अलग दवाओं का छिड़काव करने के बजाय पहले समस्या की सही पहचान करना जरूरी है।

विशेषज्ञों के मुताबिक किसान खेत की नियमित निगरानी करें, प्रभावित पौधों को ध्यान से देखें और कृषि विभाग या कृषि विशेषज्ञ की सलाह के बाद ही अनुशंसित दवा और निर्धारित मात्रा का उपयोग करें। इससे अनावश्यक दवा खर्च कम होने के साथ फसल को प्रभावी तरीके से बचाने में मदद मिल सकती है। किसानों ने कृषि विभाग से नवागढ़ क्षेत्र के प्रभावित खेतों का मैदानी निरीक्षण और फसल सर्वे कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि खेत में पहुंचकर कीट या रोग की सही पहचान की जाए और उसके अनुसार प्रभावी दवा, मात्रा तथा छिड़काव की विधि बताई जाए।

धान की फसल इस समय उत्पादन के निर्णायक चरण में है। ऐसे में कीट-रोग का प्रकोप समय रहते नियंत्रित नहीं हुआ तो बढ़ती खेती की लागत के साथ उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका है। किसानों को अब कृषि विभाग की तकनीकी सलाह और समय पर नियंत्रण उपायों का इंतजार है।



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों ने की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत पथरिया में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव के बाजार, तालाब, स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन एवं मंदिर परिसर सहित संपूर्ण ग्राम में व्यापक साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमधा जनपद पंचायत के अध्यक्ष लिमन साहू तथा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

- ग्रामीणों को अपने घर व गांव को स्वच्छ रखने किया प्रेरित

नुक्कड़ बैठकों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर युवा साथियों द्वारा विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ बैठक अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत कल शांति नगर और बाजार वार्ड से प्रारंभ की गई बैठकों के माध्यम से क्षेत्र में अब तक हुए विकास कार्यों, युवाओं के हित में किए गए कार्यों तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर आम नागरिकों और युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम की कार्यप्रणाली एवं विकास कार्यों को लेकर जनता की राय और सुझाव लिए जाएंगे तथा स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के तहत नए युवा मतदाताओं को



लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के साथ "मेरा बूथ, मेरा वार्ड शत-प्रतिशत मतदान" का संकल्प दिलाया जाएगा। युवाओं से स्वयं मतदान करने के साथ बुजुर्गों को मतदान के लिए प्रेरित करने और बाहर रहने वाले मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की जाएगी। युवा संवाद, जनभागीदारी और शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के साथ यह अभियान विभिन्न वार्डों में जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय भास्कर, तेजस पाल, महेंद्र, महेश, आशीष, रोशन गुरवीन भाटिया, डे साहब साहू, दीपराज, शिवा, अभिषेक वह क्षेत्र के युवाओं ने हिस्सा लिया।

पेज 9 का शेष

मां भद्रकाली ...

की। कार्रवाई के दौरान अमले ने अतिक्रमण वाले हिस्सों को चिन्हित कर उन्हें हटाया। नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर अधिकारियों से कार्रवाई की जानकारी ली और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए। **आगे और तेज हो सकता है अभियान :** माँ भद्रकाली तालाब से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अब कोबीया क्षेत्र में भी नगर पालिका के अभियान को लेकर हलचल बढ़ गई है। कॉलेज के सामने संचालित ढुकानों के साथ ही सार्वजनिक भूमि पर बनाए गए मकानों की जांच और कार्रवाई की तैयारी से आने वाले दिनों में अतिक्रमण विरोधी अभियान और तेज होने की संभावना है। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण वाले अन्य स्थानों को भी चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। **सार्वजनिक जमीन पर बनाए मकानों की भी जांच:** कोबीया क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर मकान बनाए जाने की शिकायतों को भी नगर पालिका ने गंभीरता से लिया है। ऐसे मामलों की जांच कर यह देखा जाएगा कि संबंधित भूमि का स्वामित्व किसके नाम है और निर्माण किस आधार पर किया गया है। जांच में अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

सेवा सहकारी समिति में ...

एवं एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी ने जांच शुरू की। **पहले प्रबंधक, अब लिपिक गिरफ्तार:** विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी प्रभारी समिति प्रबंधक राजेन्द्र पांडेय (49) निवासी मुरता को 14 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। वहीं प्रकरण में करीब दो माह से फरार चल रहे आरोपी अमित साहू (32) पिता स्व. देवसिंह साहू, निवासी मुरता को 5 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला, आरक्षक ओंकार निर्मलकर सहित नवागढ़ थाना स्टाफ की भूमिका रही।

लक्ष्य तय कर मेहनत ...

ईश्वर साहू ने कहा कि युवाओं के चेहरों की चमक ही छत्तीसगढ़ की असली ताकत है। उन्होंने युवाओं से अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करने का आह्वान किया। **प्रतिभाओं का हुआ सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभावान युवाओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान कई युवाओं ने मंच से अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, संध्या परगनिहा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विद्यालयों और महा विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पशुओं से फसल ...

घुसने से रोकता है।इसके अलावा प्रत्येक किसान बारी-बारी से अलग-अलग पालियों में रात-दिन गांव के खेत के चारों तरफ मचान बनाकर रखवाली कर रहा है। मचान पर बैठकर किसान टॉर्च और लाठी के सहारे पशुओं को भगाते हैं। सरपंच उमरावनगर राजेश साहू ने बताया कि हमने कई बार प्रशासन को आवेदन दिया कि गौशाला बनाई जाए या पशुओं को पकड़ा जाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए हमें मजबूरन खुद ही व्यवस्था करनी पड़ी। **लगातार शिकायतो व खबर प्रकाशन के बाद भी प्रशासन मौन:** किसानों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बाद भी प्रशासन ने आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की है। गौशालाएं केवल कागजों पर हैं। गौठानों में न चारा है, न पानी। इसलिए पशुपालक अपने अनुपयोगी पशुओं को खुला छोड़ देते हैं।किसानो ने कहा कि शासन की योजना है कि गौठान में पशुओं को रखा जाए, लेकिन गौठान में व्यवस्था ही नहीं है। पशु भूखे मर रहे हैं, इसलिए किसान उन्हें छोड़ देते हैं। इसका खामियाजा खुद किसान भुगत रहे हैं।अचानक बडी घुमंतु व निराश्रित पशुओ ने किसाने के फसलो की रक्षा के साथ ही यातायात मे भी बाधा पहूंचा रही है। **धान मे बाली निकलते वक्त मेहनत पर फिर रहा पानी:** एक एकड़ धान लगाने में किसान का हजारो रुपए खर्च होता है। यदि आवारा पशु एक रात में पूरी फसल चट कर जाए तो किसान की सालभर की मेहनत बर्बाद हो जाती है।तहसील क्षेत्र मे लगभग 70 करोड से भी आधिक की केसीसी ऋण ले रखी है अब चूकता करने किसानों की चिंता भी बढ गयी है इसलिए भी मेहनत करने मे कोई कसर बाकी नही रखना चाहते।

जोरा तालाब मार्ग पर कथित कब्जे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

जोरा तालाब मार्ग पर कथित जमीन कब्जे और रास्ते को बंद किए जाने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर किसानों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने बाजार चौक गांधी चौरा के पास एक बैठक बुलाई। बैठक में तीखी नोकझोंक और गर्मागर्मी देखने को मिली, जहाँ सभी ने खुलकर अपना-अपना पक्ष रखा। नगरवासियों का आरोप है कि जोरा तालाब मार्ग पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे किसानों का खेतों में आना-जाना और आम लोगों का तालाब तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। नगरवासियों का कहना है कि यह सार्वजनिक रास्ता है, जिसे बंद किया जा रहा है। दूसरी ओर, बाउंड्रीवॉल का निर्माण करवा रहे व्यक्ति का दावा है कि यह जमीन उनकी निजी है और वे अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए दीवार बनवा रहे हैं।

प्रारूप- (एक)
समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक / पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं राधा बाई साहू (माता/पिता / पालक का नाम) सुपुत्र /सुपुत्री दामिनी साहू (DAMINI SAHU) गाँव / शहर ग्राम - लालपुर, पोस्ट-नवागढ़, तहसील - नवागढ़, जिला - बेमेतरा, छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र / सुपुत्री का नाम पायल साहू (PAYAL SAHU) (पुराना नाम) से बदल कर दामिनी साहू (DAMINI SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

राधा बाई साहू
माता/पिता/
पालक के हस्ताक्षर

अंचल की खबरें

केंद्रीय विद्यालय में 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का आयोजन



उतई। केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ. उतई भिलाई में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्स्वच्छता ज्ञान यात्रास् नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। मानक क्लबों के माध्यम से युवाओं को ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संचय, वर्षा जल संचयन और पुराने कपड़ों, पुस्तकों व खिलौनों के पुनः उपयोग व पुनर्चक्रण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि रूना चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रतिदिन अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। उन्होंने जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को जिम्मेदार नागरिक की पहचान बताया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान सोमा शील गुहा, सृजन, ए.बी. सिंह, निधि केरकेट्टा, उमेश कुमार संत, माधुरी, श्री आशीष, आंचल सिंह, आंचल कन्नौजे, नमिता, सुश्री दीप्ति, सीमा विश्वकर्मा, रितु कुम्भकार, राजन शर्मा एवं किरण ममता उपस्थित थे। समारोह का समापन 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पोषण मटका प्रदर्शनी से दिया स्वास्थ्य का संदेश



उतई। ग्राम मचांदुर में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पांडे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू एवं परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में सेक्टर उतई के ग्राम मचांदुर स्थित पटेल सामुदायिक भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच युगल किशोर गजपाल, प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, विमला कामड़े (अध्यक्ष महिला मोर्चा उतई), वरिष्ठ समाजसेवी दयालु राम, खूबचंद वर्मा तथा पंच शैल देवांगन, चितेश्वरी साहू और सीता निषाद शामिल हुए। पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा बाल संदर्भ शिविरों की जानकारी दी। साथ ही कुपोषण और एनीमिया के लक्षणों व बचाव पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में 3 गर्भवती माताओं—विशा यदु, नूतन और लिलेश्वरी यादव की गोद भराई की गई तथा 3 बच्चों—लोशिका, वान्या यदु और तनिष्क का अन्नप्राशन कराया गया।

मातृ वंदना योजना की दी जानकारी



उतई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपली के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, उतई महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विमला कामड़े, युवा मोर्चा महामंत्री राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, सहित पंचगण शुभम वर्मा, योगेंद्र साहू, सुरेश यादव, अरुण चंद्राकर, रंजना वर्मा, सुलोचना, कल्याणी चंद्राकर, कुमारी भारती, गोदावरी देशलहरे सहित अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, दीपक चंद्राकर, फुलेश्वरी पाटिल, सुनीति साहू एवं सहायिका श्यामाबाई कोशरे, गंगा बाई, अमेरिका वर्मा, गंगा बाई भारती, चांदनी गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

खपरी सिलोदा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

अंडा। महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में सेक्टर रसमड़ा के खपरी सिलोदा में संकल्प सेवा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच अनसुईया साहू एवं उपसरपंच दिनेश यादव की उपस्थिति में महतारी वंदन योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान गोद भराई, अन्नप्राशन, रंगोली व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। साथ ही रेडी-टू-ईट व्यंजनों का प्रदर्शन कर कुपोषण मुक्त बच्चों की माताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

बच्चों ने सीखी चित्रकला की बारीकियां

पाटन। शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी में प्रधानपाठक वीरेंद्र कुमार साहू की अभिनव पहल 'प्रवाह ज्ञान संगम – बच्चों का समग्र विकास मंच' के तहत चित्रकला एवं पेंटर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्थानीय चित्रकार महेश आडिल एवं विजय निर्मलकर ने बच्चों को रंगों के संयोजन, रेखांकन और स्केचिंग की बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान चित्रकारों ने कबाड़ सामग्रियों का पुनर्चक्रण कर उन पर सुंदर सुविचार लिखा।



खबर संक्षेप

सेवा ज्योति कलश यात्रा आज पहुंचेगी साजा

साजा। साजा सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति कलश यात्रा आज साजा पहुंचेगी। जिला मुख्यालय से निकलकर विभिन्न गांवों से होते हुए शहर प्रवेश करेगी। शहर भ्रमण पश्चात अटल चौक में कार्यक्रम के बाद यात्रा का समापन होगा।

बंद रहेगा नेहरू नगर अंडर ब्रिज, मरम्मत शुरू

भिलाई। नेहरू नगर अंडर ब्रिज का आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जो 5 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक 35 दिनों तक काम चलेगा। नेहरू नगर चौक से सेक्टर की दोनों मार्ग बारी बारी बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों से अपील किया है कि मरम्मत कार्य के दौरान अनावश्यक परेशानी ट्रैफिक जाम से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। नेहरू नगर से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक ओवर ब्रिज मार्ग,सुपेला एवं राधिका नगर क्षेत्र से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक सुपेला अंडर ब्रिज मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंचें। इसके अलावा सेक्टर की ओर से नेहरू नगर चौक की दिशा में आने वाले वाहनों के लिए अंडर ब्रिज मार्ग पर केवल दो पहिया वाहनों को आवागमन की अनुमति होगी। इस मार्ग पर स्कूल बस, चारपहिया वाहनों का आवागमन न करें, वे ओवर ब्रिज मार्ग का प्रयोग करे ताकि मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे। ट्रैफिक पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील किया है कि मरम्मत कार्य स्थल पर अनावश्यक रूप से वाहन न रोकें, ट्रैफिक पुलिस लगाए गए डायवर्सन दिशा संकेतों का पालन करें।

जिले के सड़क हादसों में 28% की आई कमी

भिलाई। जिले में सड़क हादसों में 28 प्रतिशत कमी आने की बात सामने आई है। यह कमी जनवरी से सितंबर 2025 की तुलना में जनवरी से सितंबर 2026 में सिर्फ 77 की कमी दर्ज हुई है। जनवरी से सितंबर 2026 तक ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कुल 82,981 चालानी कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने के 74,386, बिना सीट बेल्ट वाहन 6,397,शराब सेवन कर वाहन चलाने 2,198 प्रकरण शामिल हैं। जनवरी से सितंबर 2025 की तुलना में जनवरी से सितंबर 2026 में सड़क हादसों में कमी आई है। वर्ष 2025 में 272 मृत्यु के मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या घटकर 195 रह गई। इस प्रकार होने वाले हादसों में पिछले कुछ कमी आई है। ट्रैफिक पुलिस की मुहिम जारी है।

प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट की सुविधा दुर्ग रेलवे स्टेशन में जल्द

भिलाई। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर बेहतर, स्वच्छ, सुविधाजनक और उच्च गुणवत्ता वाली खानपान सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के वाणिज्य विभाग ने बेहतर पहल किया है। रेलवे स्टेशनों पर अब प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट की सुविधा उपलब्ध होगी। यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही आधुनिक वातावरण के साथ प्रतिष्ठित बांड के गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ भी उपलब्ध होगा।

मशीनों की कार्यप्रणाली समझी, प्लास्टिक निर्माण से लेकर गुणवत्ता जांच तक की ली जानकारी

सीआईपीईटी के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने जानी प्लास्टिक तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कक्षा-कक्ष की पढ़ाई से बाहर निकलकर जब विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों और औद्योगिक तकनीकों को करीब से देखा तो उनके सामने करियर की नई संभावनाओं के द्वार भी खुले। प्रेरणा विद्यालय, कठिया के कक्षा 9वीं- 10वीं तथा कक्षा 11वीं-12वीं वाणिज्य के विद्यार्थियों ने सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया।



इस दौरान विद्यार्थियों ने प्लास्टिक तकनीक, आधुनिक विनिर्माण प्रक्रिया, मशीनों की कार्यप्रणाली और विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता जांच की बारीकियां जानीं।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सीआईपीईटी के विभिन्न विभागों का अवलोकन कराया गया। प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी विभाग में उन्होंने सीएनसी मशीन, कंप्यूटर आधारित डिजाइन (सीएडी), उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने समझा कि कंप्यूटर आधारित तकनीक की मदद से विभिन्न सामग्रियों को सटीक आकार और डिजाइन किस तरह प्रदान किया जाता है।

बोतल से पाइप तक बनने की प्रक्रिया समझी

विद्यार्थियों ने एक्सट्रूजन ब्लो मोल्डिंग और स्ट्रेच ब्लो मोल्डिंग जैसी आधुनिक प्लास्टिक निर्माण तकनीकों को भी करीब से समझा। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लास्टिक की बोतल, पानी की बोतल, पाइप सहित विभिन्न उत्पादों का निर्माण विशेष मशीनों, सांचों और वायु-दाब की सहायता से किस प्रकार किया जाता है। विद्यार्थियों को प्लास्टिक के पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका की जानकारी भी दी गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्लास्टिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया से परिचित कराया गया। इसमें उत्पाद की मोटाई, वजन, पारदर्शिता, मजबूती और टिकाऊपन जैसे मानकों की जांच के बारे में जानकारी दी गई। इससे विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि किसी उत्पाद के निर्माण के साथ उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

तकनीकी शिक्षा के साथ करियर मार्गदर्शन

शैक्षणिक भ्रमण का एक महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों को करियर की संभावनाओं से अवगत कराना भी रहा। विशेषज्ञों ने प्लास्टिक इंजीनियरिंग, पॉलिमर साइंस, उत्पाद डिजाइन, विनिर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, औद्योगिक प्रबंधन और उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। वहीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने समझा कि किसी भी विनिर्माण उद्योग में उत्पादन के साथ लागत निर्धारण, विपणन, संसाधन प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन और उद्यमिता की भी अहम भूमिका होती है। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान प्राप्त जानकारी और अनुभव को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव देना और उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना है। सीआईपीईटी भ्रमण ने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं को करीब से समझने का अवसर दिया।

व्हाइट सीमेंट की पोताई भी उखड़ी, देवकर का स्पीड ब्रेकर बना हादसों का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क पर बनाया गया स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वाहन चालकों की सुविधा और दुर्घटना से बचाव के लिए ब्रेकर पर कराई गई व्हाइट सिमेंट की पोताई कुछ ही समय में उखड़ गई। अब ब्रेकर दूर से स्पष्ट नजर नहीं आने के कारण वाहन चालकों को अचानक इसका सामना करना पड़ रहा है। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के असंतुलित होकर गिरने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस स्थान पर आए दिन वाहन चालक ब्रेकर के कारण असंतुलित होकर गिरते हैं। दिन में तो किसी तरह ब्रेकर दिखाई दे जाता है, लेकिन रात में पर्याप्त रोशनी और स्पष्ट संकेत के अभाव में स्थिति और गंभीर हो जाती है। तेज गति से आने वाले वाहन चालकों को ब्रेकर का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। स्पीड ब्रेकर के स्पष्ट दिखाई नहीं देने की समस्या को लेकर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से चर्चा की गई थी।

- रात में बढ़ रहा दुर्घटना का खतरा, वाहन चालकों को अचानक सामने आता है ब्रेकर



इसके बाद ब्रेकर पर व्हाइट सिमेंट की पोताई कराई गई, ताकि वाहन चालक दूर से ही सतर्क हो सकें। हालांकि, पोताई ज्यादा समय तक टिक नहीं पाई और उखड़ गई। इसके बाद ब्रेकर फिर से पहले की तरह अस्पष्ट हो गया है।

स्थायी समाधान की मांग

नगरवासियों का कहना है कि केवल पोताई कराकर खानापूर्ति करने के बजाय ब्रेकर पर टिकाऊ सफेद पट्टी बनाई जाए। इसके साथ ही दोनों ओर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को दूर से ही स्पीड ब्रेकर की जानकारी मिल सके। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई कर ब्रेकर को स्पष्ट रूप से चिन्हित कराने की मांग की है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो और आवागमन सुरक्षित हो सके।

घर में शराब रखकर बेच रहा था 36 पौवा के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम भोईनाभाठा में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 36 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब बरामद की है। जब्त शराब की मात्रा 6,480 मिलीलीटर और कीमत करीब 3,840 रुपए बताई गई है।



पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भोईनाभाठा निवासी रामछबिले यादव उर्फ राज उर्फ बिहारी अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी रामछबिले यादव (32) निवासी पिपरभट्ठा, बेमेतरा को शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली बेमेतरा में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षक रघुराज यदु, आरक्षक सौरभ सिंह, राहुल यादव, पुरुषोत्तम कुंभकार, प्रीतेश महिलांग सहित थाना स्टाफ की भूमिका रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत साजा में 9 अक्टूबर को रक्तदान शिविर

साजा। सेवा संकल्प अभियान के तहत साजा के अंबेडकर भवन में 9 अक्टूबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले शिविर का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस पहल में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों तथा सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से रक्तदान करने की अपील की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनकर रक्तदान करने और जरूरतमंदों के जीवन बचाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया है। अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है और स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

आंगनबाड़ी केंद्र केवाछी में आनंद मिलन सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग, एकीकृत बाल विकास परियोजना खण्डसरा के सेक्टर बैजी अंतर्गत ग्राम पंचायत केवाछी के आंगनबाड़ी केंद्र में आनंद मिलन सेवा कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता अभियान के तहत आंगनबाड़ी परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई से हुई। इसके बाद सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत केवाछी के सरपंच ताराचंद वर्मा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मातृ संवाद के दौरान महिलाओं ने विभिन्न शासकीय योजनाओं से मिले लाभ और उसके उपयोग की जानकारी साझा की।

- खिलौना दान, मातृ संवाद, गोद भराई व अन्नप्राशन संस्कार के साथ मुनगा लगाने का दिया संदेश



आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए खिलौना दान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच सहित ग्रामवासियों ने खिलौने दान किए। स्वास्थ्य विभाग से पहुंचे डॉ. ऋषभ शर्मा ने पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मुनगा में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं की एनीमिया जांच भी की गई। डाक विभाग के कर्मचारियों ने बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना तथा बालकों के आर्थिक भविष्य के लिए पीपीएफ खाते की जानकारी दी। साथ ही सुकन्या समृद्धि खाते खोलने के लिए आवेदन भी भरवाए गए। कार्यक्रम में गर्भवती माता की गोद भराई और छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम के दौरान 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत सरपंच ताराचंद वर्मा ने ग्रामवासियों से अपने घरों में मुनगा लगाने की अपील की। मुनगा में मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्वों एवं अन्य पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए इसके स्वास्थ्य लाभों पर भी चर्चा की गई।

सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामवासी राजेश पाटिल ने न्योता भोज कराया। विभिन्न विभागों से पहुंचे अतिथियों एवं वक्ताओं को श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डामिन वर्मा, रेवती पाटिल, सविता कुर्रे, सहायिकाओं एवं मितानिनों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी बेमेतरा रितीश टंडन एवं परियोजना अधिकारी मनोरमा साहू के निर्देशन तथा प्रभारी परियोजना अधिकारी स्मिता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।



जन्मदिन पर बच्चों को कराया संपूर्ण न्योता भोज

नवागढ़। शासकीय प्राथमिक शाला छिरहा में प्रधान पाठक अनुसुईया पटेल ने अपनी पुत्री गाविका के जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए संपूर्ण नेवता भोजन का आयोजन किया। इस दौरान विद्यालय के सभी बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया।

मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, पापड़, खीर और पूरी सहित विभिन्न व्यंजन परोसे गए। मनपसंद व्यंजन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने हर्षोल्लास के साथ भोजन ग्रहण करते हुए जन्मदिन की खुशी में सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने गाविका को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। आयोजन में आर.आर. गंगेश्वर, राघव प्रसाद, तुलसी पटेल, बंशी पटेल, अनुसुईया पटेल, अभय सिंह राठौर, लता साहू, सुदामा यादव, जगमोहन साहू, सीमा जायसवाल, रेखा जायसवाल सहित शाला के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

छेड़खानी करने वाले आरोपी के मकान पर चले बुलडोजर, पीड़ित परिवार को धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पांच वर्षीय मासूम के साथ छेड़खानी करने वाला खुर्सीपार निवासी दिलावर यादव की गिरफ्तारी के बाद अब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके घर पर बुलडोजर चलाने, बीच चौराहे पर सजा देने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की गई है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि घटना 2 अक्टूबर की है।

मासूम को दर्द और ब्लीडिंग की शिकायत होने के बाद अस्पताल लेकर जाया गया। बच्ची ने परिजनों के मुताबिक अंकल ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसे पकड़ लिया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर खुर्सीपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और 3 अक्टूबर को आरोपी दिलावर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

लोगों ने एएसपी शोभराज अग्रवाल को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि, आरोपी के समर्थन में कुछ राजनीतिक से जुड़े लोग पीड़ित परिवार पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि परिवार को डराने-धमकाने और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। लोगों ने इसे लेकर जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के पुराने आपराधिक मामलों और उसके परिवार से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने की मांग की है। बीएसपी की जमीन पर कथित कब्जे, डेयरी संचालन,गोकुल नगर में खटाल के लिए आवंटित जमीन से जुड़ी शिकायतों की जांच की मांग भी ज्ञापन में उल्लेख किया है।

जनगणना 2027 के दूसरे चरण के लिए प्रशिक्षण 12 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में जनवरी-फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थित ढंग से पूरा कराने के लिए बेमेतरा जिले में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

- दो बैच में चार दिन प्रशिक्षण लेंगे अधिकारी-कर्मचारी, जनवरी-फरवरी में होगी जनसंख्या गणना

प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय स्थित दृष्टि सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा। जिला प्रशासन के अनुसार पहला प्रशिक्षण बैच 12 एवं 13 अक्टूबर तथा दूसरा बैच 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने की जानकारी दी जाएगी। पहले बैच में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला जनगणना लिपिक और तकनीकी सहायक के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक शामिल होंगे। दूसरे बैच में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर चार्ज जनगणना अधिकारी, जनगणना लिपिक तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण लेंगे।

प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय, छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। अधिकारियों के मुताबिक जनगणना कार्य की व्यापकता को देखते हुए मैदानी स्तर पर जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मचारियों को प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की स्पष्ट जानकारी देना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान कार्य से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी।

विकास जरूरी, लेकिन बिजली, पानी और पर्यावरण की कीमत पर नहीं: योगिता

41,750 करोड़ के ए आई डेटा सेंटर पर कांग्रेस के सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित 41,750 करोड़ के ए आई-रेडी डेटा सेंटर निवेश को लेकर कांग्रेस नेत्री योगिता साहू ने राज्य सरकार से परियोजना की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

सिंगापुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में एनर्जी कैपिटल ग्लोबल की ओर से 100 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर कैंपस के निवेश प्रस्ताव के बाद उन्होंने बिजली, पानी, जमीन, पर्यावरण और रोजगार को लेकर सवाल उठाए हैं। योगिता साहू ने कहा कि कांग्रेस एआई और आधुनिक तकनीक के विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन इतने बड़े प्रोजेक्ट से पहले उसके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी भी सड़क, स्कूल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं हैं। ऐसे में सरकार को निवेश के साथ जनता की मूलभूत जरूरतों पर भी अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि 100 मेगावाट के डेटा सेंटर को बिजली कहां से मिलेगी और इसकी वास्तविक खपत कितनी होगी। क्या इससे राज्य के मौजूदा बिजली संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा या परियोजना के लिए अलग व्यवस्था होगी, सरकार को यह बताना चाहिए।

पानी की खपत को लेकर उन्होंने कहा कि कूलिंग तकनीक के आधार पर आवश्यकता अलग-अलग हो सकती है।



यदि परियोजना के लिए प्रतिवर्ष करीब 358 अरब लीटर पानी की जरूरत का अनुमान है तो उसका आधिकारिक आंकड़ा सामने आना चाहिए। पानी का स्रोत, दैनिक खपत, रिसाइक्लिंग और स्थानीय जलस्रोतों पर प्रभाव की जानकारी भी सार्वजनिक की जाए। योगिता साहू ने कहा कि 41,750 करोड़ के निवेश के साथ यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि कितने रोजगार पैदा होंगे और उनमें छत्तीसगढ़ के युवाओं को कितनी प्राथमिकता मिलेगी। स्थानीय युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण की योजना भी बताई जानी चाहिए। उन्होंने परियोजना के लिए आवश्यक जमीन, संभावित पेड़ कटाई और क्षतिपूरक पौधरोपण की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव का स्वतंत्र वैज्ञानिक आकलन कराने की बात कही।

डीपीआर और श्वेतपत्र जारी करने की मांग

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि सरकार को केवल निवेश का आंकड़ा बताने के बजाय परियोजना की पूरी आर्थिक तस्वीर जनता के सामने रखनी चाहिए। बिजली, पानी, जमीन और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं पर सरकारी संसाधनों से कितना खर्च होगा, यह भी स्पष्ट किया जाए। उन्होंने डीपीआर, निवेश की शर्तें, बिजली-पानी की जरूरत, रोजगार लक्ष्य, कूलिंग तकनीक, पर्यावरणीय प्रभाव और सरकारी खर्च से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही परियोजना से पहले स्वतंत्र पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव आकलन तथा आवश्यक सार्वजनिक सुनवाई कराने की मांग की। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रोजेक्ट पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की।

